तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 21 जून 2026


पीएम किसान की नई किस्त ने बढ़ाया किसानों का... 12


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-मंडी परिसर में चला सफाई... 12



Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप




### शराब कोचियों पर पुलिस कार्रवाई

**कांकेर**। जिले के चारामा, आमाबेड़ा और नरहरपुर थाना पुलिस ने 19 जून को कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आमाबेड़ा पुलिस ने नीलझर निवासी नरसिंह सलाम के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की शराब एवं बीयर जब्त की। नरहरपुर पुलिस ने देवगांव निवासी गरभराम जैन से 12 लीटर महुआ शराब बरामद की। वहीं चारामा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए गए प्रशांत नेताम को गिरफ्तार किया। सभी मामलों की जांच जारी है।

### सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं को दी गई सह सम्मान विदाई

**पखांजुर**। संकुल माटोली के अंतर्गत गीतारानी सरकार व भारती मंडल के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवकुमार शील एवं विशेष अतिथि बीआरसी विप्लव बनर्जी रहें। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला होते हैं तथा उनके द्वारा वर्षों तक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए गए कार्य सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। समारोह के दौरान दोनों सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई ग्रामीण की मौत

**कांकेर**। कांकेर थानांतर्गत उड़कुड़ा निवासी भुवन लाल साहू पिता सुंदर का इलाज से पहले ही मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल मे लाया गया था। लेकिन उसका अस्पताल पहुंचे से पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### हमले के बाद बढ़ी चौकसी, मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने पर फोकस

# तेंदुए का आतंक, वन विभाग हाईअलर्ट ट्रैप कैमरों और ड्रोन से पैनी निगरानी

*गट्टागुड़म और देवडोंगर क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में फैली दहशत के बीच वन विभाग ने हालात पर कड़ी नजर रखते हुए व्यापक निगरानी अभियान शुरू कर दिया है। हाल ही में तेंदुए द्वारा किए गए हमले के बाद विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है और वन्यजीव की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जा रहा है। ट्रैप कैमरों की स्थापना से लेकर ड्रोन सर्विलांस और रात्रिकालीन गश्त तक, वन विभाग का अमला लगातार क्षेत्र में सक्रिय है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

जानकारी के अनुसार छः दिन पहले तेंदुए के हमले की घटना के बाद वन विभाग ने गट्टागुड्म और देवडोगर के आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में कई ट्रैप कैमरे लगाए हैं। इन कैमरों के माध्यम से तेंदुए की आवाजाही, गतिविधियों और संभावित ठिकानों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। कैमरों से प्राप्त होने वाले चित्रों और वीडियो फुटेज का विशेषज्ञों द्वारा लगातार अध्ययन किया जा रहा है, ताकि तेंदुए की सही लोकेशन और उसके मूवमेंट की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही वन विभाग ने निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए ड्रोन तकनीक का भी उपयोग शुरू कर दिया है। ड्रोन के जरिए जंगल और आसपास के दुर्गम इलाकों की हवाई निगरानी की जा रही है। इससे उन क्षेत्रों तक भी नजर पहुंच रही है, जहां सामान्य रूप से पहुंचना कठिन होता है। विभाग का मानना है कि ड्रोन सर्विलांस से तेंदुए की गतिविधियों को ट्रैक करने में काफी मदद मिल रही है और संभावित खतरे वाले क्षेत्रों की पहचान भी आसानी से हो रही है।

वन विभाग का अमला केवल दिन में ही नहीं बल्कि रात के समय भी लगातार भ्रमण कर रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम गांवों और जंगलों के आसपास गश्त कर रही है ताकि तेंदुए की मौजूदगी के संकेत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके। रात्रिकालीन निगरानी के दौरान ग्रामीणों को भी सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से जंगल अथवा सुनसान क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी जा रही है।

**रातभर गश्त कर रहा वन अमला, ग्रामीणों को किया जा रहा सतर्क**





### मुनादी करके किया जा रहा जागरूक

*ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को अकेले बाहर नहीं निकलने, रात के समय समूह में रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को देने की अपील की गई है। ग्रामीणों से यह भी कहा गया है कि यदि कहीं तेंदुए के पदचिह्न या उसकी मौजूदगी के संकेत दिखाई दें तो स्वयं उसके करीब जाने का प्रयास न करें।*

### निगरानी व गश्त जारी रहेगा

*वन विभाग के इस सतर्कता अभियान से क्षेत्र के लोगों को राहत की उम्मीद है। आधुनिक तकनीक और लगातार निगरानी के जरिए विभाग तेंदुए की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती, तब तक निगरानी और गश्त का अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं ग्रामीण भी वन विभाग के प्रयासों का सहयोग करते हुए सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन कर रहे हैं, जिससे किसी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।*

### तेदुए के लिए ट्रैप कैमरा व ड्रोन का हो रहा उपयोग

*कांकेर वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने अथवा उसे सुरक्षित रूप से जंगल की ओर वापस भेजने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल विभाग का मुख्य उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति को रोकना और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के साथ भी लगातार समन्वय बनाया जा रहा है। तेंदुए के गतिविधि को जानने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए गए है और ड्रोन का भी उपयोग किया जा रहा है।*

### शराब के नशे में दिया वारदात को अंजाम

# अवैध संबंध के शक में पत्नी व चाचा पर टांगी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अवैध संबंध के शक ने एक परिवार को हिंसा की आग में झोंक दिया। पत्नी के चरित्र पर संदेह और शराब के नशे में बेकाबू हुए एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके चाचा पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों पीड़ितों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सिकसोड़ क्षेत्र के ग्राम कस्तूरा निवासी 45 वर्षीय सूरज लाल पोटाई अपनी पत्नी पर अवैध संबंध होने का संदेह करता था। इसी बात को लेकर वह अक्सर शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करता था। 17 जून को पीड़िता अपने चाचा के घर पहुंची और परिजनों को पति द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न की जानकारी दी। परिवार के लोगों ने अगले दिन बैठक कर मामले का समाधान निकालने का निर्णय लिया था। इसी बीच 17 और 18 जून की दरमियानी रात करीब 12:15 बजे आरोपी गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के चाचा के घर पहुंच गया। घर में रखी लोहे की टांगी उठाकर उसने अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई। पत्नी को बचाने के लिए बीच-बचाव करने आए उसके चाचा पनकूराम उइके पर भी आरोपी ने टांगी से वार कर दिया, जिससे उनकी बाईं आंख के नीचे गंभीर चोट लगी।

**सिकसोड़ पुलिस ने टांगी समेत आरोपी को दबोचा**



*घटना की जानकारी मिलते ही थाना सिकसोड़ पुलिस ने अपराध क्रमांक 09/2026 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी सूरज लाल पोटाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की टांगी भी बरामद कर जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पतिराम पोडियाम, एएसआई तुमेश्वर साहू, प्रधान आरक्षक धनीराम साहू, आरक्षक अनिल तारम एवं मनोज टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

### संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



*कांकेर। विकासखंड चारामा के शासकीय हाई स्कूल बड़ेगौरी में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत विद्यालयों के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि गमलेशवरी सेवता ने कहा कि शिक्षा ही विकास की आधारशिला है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। संकुल प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के साथ उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

# चारामा में प्रबुद्धजन समागम में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

**चारामा**। विकसित भारत के निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से चारामा में जिला स्तरीय विकसित भारत प्रबुद्ध जन संकल्प कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्ण समागम देखने को मिला। कार्यक्रम में देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर व्यापक चर्चा हुई तथा उपस्थितजनों ने विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। सामुदायिक भवन कोरर चौक चारामा में आयोजित कार्यक्रम 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत अभियान की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, पूर्व विधायक सुमित्रा मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक एवं कार्यक्रम प्रभारी अनूप राठौर सहित राजा देवनानी, उमा शर्मा, हेमेन्द्र ठाकुर, खेम तिवारी, रुक्मिणी उइके, तेजेश्वरी सिन्हा, जागेश्वरी भास्कर, खुशी जोतवानी, संतोष ओझा, धर्मेंद्र सोनकर, यमुना मंडावी, हेम मंडावी, सुशील निषाद, परमेश्वर यादव, जागेश्वर सिन्हा, रूपेश देवांगन, राहुल साहू, नारायण दास पंजवानी एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### जहर खाने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। सीएचसी कोड़ेकुर्सी में इलाज के लिए लाए बाजारपारा कोड़ेकुर्से निवासी 42 वर्षीय उमेश जैन पिता बलदेव का 18 जून को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए थे, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भानुप्रतापपुर के पांच छात्रों को एनएमएमएस में चयन

भानुप्रतापपुर। पीएम श्री सेजेस भानुप्रतापपुर के 5 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में रौनक सचदेव, प्रगति गवड़े, प्रत्युषा सोनी, मानसी एवं निधि सलाम शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय में हर्ष का वातावरण है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली है।

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसिंग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक   कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881
महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?
1. आवेदक का नाम........................2. पिता/पति........................
3. जन्म तिथि अंकों में..............4 वर्ग :- अनुसू. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम..............पोस्ट..............तहसील..............
..............जिला..............पिन कोड ☐
मो. नं. 1..............मो. नं. 2..............वाट्सअप नं..............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं..............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881
NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989

### पुलिस बोली- कानून तोड़ने वालों को नहीं मिलेगी राहत

# पुलिस ने भानुप्रतापपुर में अपराधियों का जुलूस निकाला, बदमाशों की दी चेतावनी

*कानून का डर अपराधियों के मन में बना रहे और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा कायम हो, इसी उद्देश्य से भानुप्रतापपुर पुलिस ने शनिवार को अनूठी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों का नगर के प्रमुख मार्गों पर जुलूस निकाला। पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल अपराधियों को चेतावनी दी, बल्कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पुलिस की सख्ती का भी स्पष्ट संदेश दिया।*

**आर्म्स एक्ट और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के 3 आरोपियों को नगर में घुमाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय शादाब खान के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, वहीं 18 वर्षीय लक्ष्य कुदराम और लोकेश बर्मन के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इसके बाद तीनों आरोपियों को पुलिस सुरक्षा के बीच नगर के प्रमुख मार्गों से पैदल घुमाया गया। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की नजरें आरोपियों और पुलिस की इस कार्रवाई पर टिकी रहीं। स्थानीय नागरिकों ने इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में प्रभावी कदम बताते हुए पुलिस की सराहना की। लोगों का कहना था कि इस तरह की कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में भय पैदा होगा और अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की



जा रही है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराध या असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। भानुप्रतापपुर पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करने और अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ने कहा कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा।



### दुधावा चौकी में जब्त ढाई लाख की 465 लीटर शराब का नष्टीकरण

**दुधावा**। दुधावा चौकी अंतर्गत विभिन्न आबकारी प्रकरणों में जब्त करीब 465 लीटर अवैध शराब एवं महुआ पास का विधिवत नष्टीकरण किया। नष्टीकरण की गई शराब की कीमत लगभग ढाई लाख रूपए होगी। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू की उपस्थिति में शनिवार 20 जून को चौकी दुधावा परिसर में यह कार्रवाई की गई। पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने नियमानुसार विभिन्न आबकारी प्रकरणों में जब्त शराब और महुआ पास का नष्टीकरण किया। चौकी दुधावा क्षेत्र के 46 आबकारी प्रकरणों में जब्त 346 लीटर, थाना नरहरपुर के 16 प्रकरणों में जब्त 87 लीटर तथा चौकी हल्बा के 7 प्रकरणों में जब्त 32 लीटर अवैध महुआ शराब, देशी-विदेशी शराब एवं महुआ पास को नष्ट किया गया।

## खबर संक्षेप

### निरोगी जीवन के लिए योगा सदैव लाभकारी उपाय : जैन

केशकाल। केशकाल में योग प्रशिक्षक के तौर पर सुनील जैन 15 साल से केशकाल मे योग की शिक्षा देते हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक कर रहे है...। सुनील जैन एक किराना व्यापारी हैं वे व्यापार के साथ योग की शिक्षा दे रहे हैं वे एक कुशल योग शिक्षक हैं, पिछले कई वर्षों से सभी को निशुल्क मे योग सिखाते है, जैन योग की शुरुआत पहले स्वयं से की थी उसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे योग सीखना शुरू किया और उनका काफिला बढ़ता गया। कोरोना जैसे संकट के समय सरकारी कार्यक्रम में लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए योग सिखाया, जो बहुत कारगर साबित हुआ।। इस प्रकार उन्होंने हजारों लोगों को कोरोना से बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सुनील जैन इन दोनों टाटामारी मे योग की शिक्षा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दे रहे हैं। योग दिवस पर आज सरकारी कार्यक्रम टाटामारी के इको पर्यटन केंद्र में प्रशिक्षण संचालित होगा, सुनील जैन ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली में शरीर व मन को स्वस्थ बनाए रखने के लिये नियमित योग करना अत्यधिक आवश्यक है।

### 100 युवा जनजातीय नेताओं में बस्तर के हेमंत शामिल

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के मोंगरापाल के आदिवासी युवा नेता हेमंत कश्यप का इंडियन ट्राइबल लीडरशिप कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। देशभर से प्राप्त आवेदनों में से 100 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। इनमें छत्तीसगढ़ से 5 युवाओं को स्थान मिला है। जबकि बस्तर जिले से चयनित होने वाले हेमंत कश्यप एकमात्र प्रतिभागी हैं। 21 से 28 जून तक बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में जनजातीय युवाओं के नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सशक्तिकरण, सामुदायिक विकास और नीति निर्माण के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है। वे लंबे समय से आदिवासी समाज के मुद्दों को उठाते रहे हैं। वे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों का राशन कार्ड बनवाने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा आदिवासी आश्रमों में बच्चों के खान-पान, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं।

### पीएमश्री सेजेस में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**भोंड।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में शाला प्रवेश उत्सव पालकों, एसएमडीसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी शुरुवात मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत, पुष्प देकर किया गया। अतिथि गणों द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्य पुस्तक, पेन एवं चॉकलेट वितरित किया गया। एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ. वी एस राजपूत ने अपने उद्बोधन में राज्य स्तर पर टॉप टेन में आने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया, साथ ही बालक - पालक सम्मेलन में पालकों की उपस्थिति को लेकर विशेष जोर दिया एवं विद्यालय के विकास के लिए हमेशा सहयोग प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक हयात खान द्वारा संस्था में पदस्थ शिक्षकों की सराहना की गई एवं शिक्षा एवं शिक्षकों के सम्मान की बात की गई। प्रभारी प्राचार्य कुलेश्वर यादव द्वारा शाला के संचालन के विषय में अपनी बात रखी। उक्त कार्यक्रम में बच्चे, पालक एवं संस्था के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### उपजेल का विशेषज्ञ समिति ने किया निरीक्षण

**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर तथा कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति ने बुधवार को उपजेल बीजापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों की स्थिति, सुविधाओं एवं उनके अधिकारों से संबंधित व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था।

# पीएम किसान की नई किस्त ने बढ़ाया किसानों का हौसला, खेती को मिला आर्थिक संबल

*किसानों की आर्थिक मजबूती और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23 वीं किस्त जारी कर दी। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली से वर्चुअल माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों के खातों में सहायता राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर कांकेर जिले के 78 हजार 788 किसानों के खातों में कुल 15 करोड़ 76 लाख रुपये की राशि पहुंची, जिससे किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के 9.44 करोड़ किसानों को 18 हजार 880 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसका सीधा लाभ किसानों के बैंक खातों में पहुंचा। कांकेर जिले में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने किसानों से संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने तथा जैविक खेती को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से खेती को अधिक लाभदायक बनाया जा सकता है। कृषि स्थायी समिति की सभापति राजेश्वरी नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है और इसका उपयोग कृषि कार्यों में कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य विभाग की ओर से ग्राम मल्लमडबरी के किसान नरेन्द्र चौहान को विधायक आशाराम नेताम के हाथों मछली पालन के लिए जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किया गया। इस पहल की किसानों ने सराहना की।

### 78 हजार से अधिक किसानों के खातों में पहुंचे 15.76 करोड़



*हुगली से प्रधानमंत्री ने किया राशि का हस्तांतरण, कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में किसानों ने देखा सीधा प्रसारण*

**वैज्ञानिक खेती के लाभ से कराया अवगत**

*कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को वैज्ञानिक खेती के लाभ बताए। वहीं उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा ने विभागीय योजनाओं एवं कृषि विकास कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जिले के 112 किसानों सहित कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### अभियान : कार्यकर्ताओं ने लिया स्वच्छ-विकसित भारत का संकल्प

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-मंडी परिसर में चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोना और कृषि उपज मंडी परिसर में चलाया गया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों की सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

स्वच्छता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी, वार्ड, प्रतीक्षालय, अस्पताल परिसर तथा कृषि उपज मंडी क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई की। परिसर में फैले कचरे को एकत्र कर उसका उचित निपटान किया गया। साथ ही नालियों की सफाई कर आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया गया। अभियान के दौरान अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को भी स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कर देश में स्वच्छता के प्रति नई चेतना जगाई। आज यह अभियान एक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा और जनहित के कार्यों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रहती है।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

*इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एसटी मोर्चा जीवन नेताम, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री राजेश कलिहारी, मंडल उपाध्यक्ष अशोक निषाद, महामंत्री किशोर भास्कर, मंडल मंत्री नागेन्द्र सुरोजिया, जिला मंत्री भाजयुमो निलेश गोलछा, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल महामंत्री दीपक साहू, मीडिया प्रभारी अशोक लुनावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।*

## सिकसोड़ में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय स्थापना की तैयारी तेज, अधिकारियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विकासखंड कोयलीबेड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकसोड़ में प्रस्तावित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय की स्थापना को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नवनीत पटेल ने शनिवार को विद्यालय पहुंचकर उपलब्ध संसाधनों एवं प्रस्तावित अधोसंरचना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वर्तमान में प्रीफैब भवन में संचालित विद्यालय के सभी कक्षों का बारीकी से अवलोकन किया। भवन की स्थिति, विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय के मानकों के अनुरूप प्रयोगशाला, ग्रंथालय, कंप्यूटर कक्ष एवं खेल मैदान के लिए उपलब्ध भूमि और संसाधनों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जिला परियोजना अधिकारी को दिए। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति ने सिकसोड़ में प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास की स्थापना की मांग भी रखी, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं, तकनीकी ज्ञान और प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध होगा, जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य मानवेन्द्र सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। क्षेत्रवासियों ने विद्यालय स्थापना की प्रक्रिया में तेजी आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# ढाई घंटे बाद भी नहीं मिली एंबुलेंस सेवा अस्पताल में तड़पते युवक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



फरसगांव में सड़क हादसे के बाद घायल युवक की मौत ने जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का आरोप है कि गंभीर रूप से घायल युवक को समय पर 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। करीब ढाई घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद भी जब वाहन अस्पताल पहुंचा, तब तक युवक दम तोड़ चुका था। अब परिजन मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम ग्राम बड़ेडोंगर-बेलभाटा मार्ग पर पिकअप और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में घुड़उ राम माली और सगाराम सलाम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को 102 वाहन से तत्काल फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

परिजनों का आरोप है कि रात करीब 8 बजे 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन कोंडागांव से एंबुलेंस रात 10:30 बजे अस्पताल पहुंची। इस दौरान गंभीर रूप से घायल घुड़उ राम माली अस्पताल में ही जिंदगी और मौत से जूझता रहा और एंबुलेंस पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उसी एंबुलेंस से दूसरे घायल सगाराम सलाम को जिला अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार को फरसगांव पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। कोंडागांव जिले में हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर नई 108 एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत की गई थी। जिले में बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) और एडवांस लाइफ सपोर्ट (ALS) सहित कुल 9 एंबुलेंस संचालित होने का दावा किया गया था, ताकि आपात स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके। लेकिन फरसगांव की यह घटना इन दावों की हकीकत पर सवाल खड़े कर रही है।

**30 किलोमीटर की दूरी, फिर भी ढाई घंटे का इंतजार**

परिजनों का कहना है कि कोंडागांव से फरसगांव की दूरी महज 30 किलोमीटर है, ऐसे में एंबुलेंस को पहुंचने में ढाई घंटे लगना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उनका आरोप है कि यदि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध हो जाती तो घुड़उ राम माली की जान बच सकती थी।

**दस दिनों से फरसगांव में नहीं थी 108 एंबुलेंस**

जानकारी के मुताबिक 9 जून को फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसे मरम्मत के लिए भेजा गया है। तब से फरसगांव में स्थानीय 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में दूसरे स्थान से वाहन बुलाना पड़ा, जिससे देरी हुई। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि फरसगांव में एंबुलेंस उपलब्ध होती तो घायल को समय पर रेफर कर उसकी जान बचाई जा सकती थी।

**पत्रकारों ने देखा, अस्पताल के बाहर चालू हालत में खड़ी थी 108**

शनिवार को जब पत्रकारों की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो अस्पताल परिसर के बाहर 108 एंबुलेंस चालू अवस्था में खड़ी मिली। काफी देर तक चालक और स्टाफ वाहन के अंदर बैठे रहे। जब उनसे पूरे मामले पर पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने कैमरे पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इससे 108 सेवा की जवाबदेही पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## विधायक नीलकंठ के प्रयासों से मिले विकास के लिए 90 लाख



**केशकाल।** केशकाल विधानसभा क्षेत्र को विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सौगात मिली है। विधायक नीलकंठ टेकाम के सतत प्रयासों और पहल से क्षेत्र के तीन विकासखंडों में महतारी सदन निर्माण के लिए कुल 90 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा महतारी सदन योजना 2026-27 के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों के अनुसार विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम गमहरी, विकासखंड केशकाल के ग्राम धनोरा तथा विकासखंड फरसगांव के ग्राम कोनगुड़ में 30-30 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण कराया जाएगा। तीनों कार्यों के लिए कुल 90 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

**सामाजिक- सांस्कृतिक गतिविधियों का नया केंद्र मिलेगा**

आपको बता दें कि महतारी सदन महिलाओं के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेंगे। यहां महिला समूहों की बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान तथा विभिन्न सामाजिक आयोजनों का संचालन किया जा सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए बेहतर मंच मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने इस स्वीकृति के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार विधानसभा क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। क्षेत्र में सड़क, भवन और सामुदायिक सुविधाओं के विकास के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर भी उनकी पहल लगातार सामने आ रही है। विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि हमारी सरकार केशकाल विधानसभा के समग्र विकास और मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। महतारी सदन बनने से महिलाओं को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा।

## टारगेट के नाम पर कर्मी अपनी जेब से 5-5 हजार देकर खुलवा रहे खाते




*डाक विभाग के जीडीएस कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

टारगेट के नाम पर डाक विभाग के कर्मचारियों ने अपने जेब से 5-5 हजार देकर खाते खुलवा रहे, जो बंद हो जाते हैं। साथ ही जीडीएस कर्मचारियों का शोषण सहित 9 मांगों को लेकर भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रव्यापी आंदोलन 20 जुलाई से 27 जुलाई को कार्यालय में ब्लैक बैच बांधकर कार्य करेंगे। इसके अलावा 28 जुलाई को लंच के समय मंडलीय कार्यालयों पर प्रदर्शन, 5 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल एवं 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। उक्त बातें भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के परीमंडल सचिव एवं संभागीय सचिव हेमंत कुमार पांडे ने शनिवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में कही।

उन्होंने बताया कि टारगेट के नाम पर विभागीय एवं जीडीएस कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए। कर्मचारी डाकघर और रेल डाक सेवा कार्यालय में अपनी ड्यूटी पूर्ण करने के लिए भर्ती होते है न कि गली-गली घूमकर टारगेट पूरा करने के लिए। वर्तमान में जीडीएस एवं विभागीय कर्मचारी अपने वेतन के पैसे से खाता खुलवाकर टारगेट पूरा कर रहे है। प्रधानमंत्री की उद्घोषणा के बाद भी रेल डाक सेवा से जाने वाली मेल, रेल के माध्यम से न भेज कर आरटीएन से ही भेजा जाना, एक शहर से दूसरे शहर जाने वाली आरटीएन सेवा को बंद किया जाए एवं रेल डाक सेवा अनुभागों को पुनः शुरू किया जाए। डाक विभाग भारत सरकार का पैसा निजी लोगों को देने के बजाय एक विभाग से दूसरे सरकारी विभाग (रेल) को ही दिया जाए। डाक विभाग में बढ़ रहे भ्रष्टाचार एवं अनयिमितताओं को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही की जाय एवं भ्रष्टाचार मामलों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों से वातालॅाप किया जाए। भूतपूर्व सैनिक से विभाग में भर्ती हुए कर्मियों की वेतन विसंगति ठीक की जाए। वे मृतक आश्रित जिन्हें 5 प्रतिशत सीलिंग के नाते विभागीय पदों पर नियुक्ति नहीं मिलती ऐसे सभी मृतक आश्रितों को जीडीएस के रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए। पत्रवार्ता में संघ के संभागीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, प्रांत संगठन मंत्री डिकेश पांडे, कार्यकारिणीय सदस्य रामकृष्ण मिश्रा, प्रदेश मंत्री लिंगधर सिन्हा, सदस्य विपिन सिंह, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री विकास सिंह एवं जिला मंत्री तोरण कुमार हिरवानी शामिल रहे।

### विधायक नीलकंठ टेकाम ने 3.05 करोड़ से बने पुल का किया लोकार्पण

# फरसगांव-रांधना मार्ग का नवनिर्मित पुल लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



लोक निर्माण विभाग (सेतु) द्वारा कोंडागांव जिले के फरसगांव-रांधना मार्ग पर किलोमीटर 3/4 स्थित चिचाड़ी नाला पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण शनिवार को संपन्न हुआ। लगभग 3 करोड़ 5 लाख 27 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस पुल का लोकार्पण केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस पुल के निर्माण से फरसगांव-रांधना मार्ग पर आवागमन सुगम होगा। विशेषकर बारिश के दिनों में चिचाड़ी नाला में जलभराव के कारण आने वाली समस्याओं से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करा रही है और यह पुल भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस दौरान जनपद सदस्य लीलावती नेताम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, वरिष्ठ भाजपाई प्रवीर सिंह बदेशा, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी, फरसगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, पार्षद संगीता राव, राजकुमारी नेताम, सुश्री छबीला नेताम, विनोद पांडे नरेंद्र गौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल , दीपेंद्र मसीह, रामकुमार कोर्राम सहित अन्य लोग उपस्तिथ रहे ।

## पात्र हितग्राही योजनाओं का उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के सद्भावना भवन में आयोजित तीन दिवसीय पंजीयन शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, कांतिबाई मौर्य, निर्देश दीवान, जनपद उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, जनपद सदस्य गजेंद्री बघेल, मनीराम कश्यप,उदबो राम नाग, रामानन्द मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## शराब दुकानों में लगे दर सूची अधिक दाम वसूल रहे दुकानदार



**जगदलपुर।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में बताया कि आबकारी मंत्री कहते हैं कि दारू बेचकर प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना का पैसा दे रहे हैं। जबकि उन्हें अन्य प्रदेश के दारू बिकने से रोकने पर कार्रवाई करना चाहिए और नाबालिग बच्चों को शराब दुकान से शराब सप्लाई न किया जाए इस पर कार्रवाई करना चाहिए। जनता से अधिक रकम वसूली कर रहे हैं उसे पर रोक लगाना चाहिए हर दुकान में दर सूची आवश्यक रूप से लगना चाहिए। वन मंत्री राहुल गांधी का स्वागत दारू से करने की बात कह कर ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकना चाहते हैं। उन्होंने कहा वन मंत्री केदार कश्यप बस्तर की भलाई चाहते हैं तो तेंदूपत्ता में लगे आग की सीबीआई जांच करवाकर क्षेत्र की जनता को सच्चाई से अवगत कराना चाहिए।

## पिता के त्याग और संघर्ष को रोमांचक ढंग से किया प्रस्तुत

जगदलपुर। शनिवार को धरमपुरा 1 में स्थित संस्कार द एक्सीलेंस स्कूल में पितृ दिवस एवं योग दिवस शाला प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों ने मंच पर आकर पिता के महत्व, त्याग, संघर्ष और परिवार में उनके योगदान को रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया एवं योग प्रदर्शन करके योग से निरोग रहकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि चेयरमेन नवीन भावसार ने बच्चों को संबोधित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में चेयरमेन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुमन भावसार, शाला एडमिन एलेक्स मैथ्यू एवं शाला की उप प्राचार्या मंजु व्ही. एस. उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने विशेष योगदान दिया।

## गंगामुंडा तालाब में केदार और किरण ने लगाए पौधे



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र के गंगामुंडा तालाब में स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक किरण देव ने गंगामुंडा तालाब पहुंचकर सफाई अभियान में सहभागिता निभाई और स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर गंगामुंडा तालाब परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# आबादी के आधार पर राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में आरक्षण मिले

**छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में यह मांग उठी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर के जिलाध्यक्ष गदाधर वैद्य एवं मानिक राम पंत सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चन्द्राकर समाज भवन रायपुर में बैठक किया गया। प्रांताध्यक्ष जगन्नाथ साहू की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ी महतारी की पूजा कर बैठक प्रारंभ किया गया। बैठक में पदाधिकारियों एवं प्रत्येक समाज के अध्यक्षों एवं पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

सभी समाज के प्रदेश अध्यक्षों को प्रांतीय संरक्षक, सभी संभागाध्यक्षों, युवा प्रकोष्ठों का मनोनयन सर्व सम्मति से किया गया। अपने उद्बोधन में आबादी के आधार पर राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में आरक्षण की मांग की गई। जिससे पिछड़ा वर्ग समाज का उत्थान हो सके। जातिगत जनगणना में कालम अलग से हो। सम्पूर्ण छग में



संगठन का विस्तार ग्राम, ब्लाक, जिला, संभाग एवं प्रदेश स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में करने पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया।

प्रदेश संरक्षक दिनेश चन्द्राकर चन्द्राकर समाज, टहलराम साहू साहू समाज, राजेन्द्र नायक पटेल समाज, शांतनु साहू साहू समाज, ललित साहू प्रदेश अध्यक्ष मानिकपुर समाज, प्रदीप देवांगन प्रदेश अध्यक्ष कोष्टा समाज, धनीराम विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज, सालिकराम यादव प्र.अध्यक्ष यादव समाज, आंनद निषाद निषाद समाज, चन्द्र भूषण वर्मा कुर्मी समाज, बसंत कु सिन्हा सिन्हा समाज, प्र.महा. नरेश रजवाड़े,प्र.उपा.पवन धीवर युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर निषाद प्र.महामंत्री निषाद समाज, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन साहू राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष जागेश्वर सिंह ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष -रवि देवांगन प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष -धरमदास साहू,संभागाध्क्ष सरगुजा नवीन जायसवाल, रायपुर प्रवीण साहू, बिलासपुर श्याम कार्तिक जायसवाल, दुर्ग महेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कोमल निषाद, राम करण सिन्हा प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष, लक्की यादव , मोहन सिंह ठाकुर, ललित साहम, तुलसी राम नाग का मनोनयन हुआ।

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में पहुंचे मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष

# बस्तर सहित संपूर्ण भारत से नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प हुआ पूरा : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल के अन्तर्गत शनिवार को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं मुख्य वक्ता के रूप में वन मंत्री केदार कश्यप सम्मिलित हुये। सम्मेलन में सभी समाज व संस्थाओं के प्रमुख, पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर मोदी सरकार के बेमिसाल 12 वर्षों में जनकल्याण, सुशासन, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों पर उपस्थित जनों से सीधे संवाद किया गया।






केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के, विश्वास के और जनकल्याणकारी यात्रा के उपलब्धियों से परिपूर्ण बेमिसाल 12 साल पूरे हुये है। उनके नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त नये भारत का निर्माण हो रहा है। इन 12 वर्षों में देश के विकास के लिये अद्भुत कार्य हुये है। उन्होंने कहा कि हमारे बस्तर सहित संपूर्ण भारत से नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प भी सिद्ध हुआ है। बस्तर वासियों को नक्सली आतंक से मुक्ति दिलाने का बड़ा काम मोदी सरकार ने किया है। हम सभी को प्रधानमंत्री के 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोगी बनना है और भारत के जिम्मेदार नागरिक की सार्थक भूमिका निभानी है। किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम व ऐतिहासिक काल है। सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मूलमंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ भारतवासियों की सतत सेवा कर रहे हैं। राष्ट्र को सशक्त व सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व बड़े काम मजबूती से हो रहे हैं। हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास व उत्थान के लिये संपूर्ण योजना बनाकर उसे पूरा करने का काम मोदी सरकार कर रही है।

### ये रहे उपस्थित

सम्मेलन में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही व आभार परीस राम बेसरा ने किया। सम्मेलन में इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष शरद अवस्थी, डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, बलदेव मण्डावी, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष श्याम सोमानी, गुजराती समाज अध्यक्ष अनिल पटेल, सिक्ख समाज अध्यक्ष सौरभ सिंह गढ़विाल, अनिता राज, अश्विनी सरडे, आर्येंद्र आर्य सहित नागरिक, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्रों की सुरक्षा के लिए दो दिन में 57 स्कूल बसों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा कॉलेज, आईटीआई एवं स्कूलों के बसों की जांच दो दिवसीय शिविर किया गया। दो दिन में जिले के स्कूल बसों की जांच में 57 बसों में सुरक्षा उपकरण और फिटनेस सही पाए गए, लेकिन 53 स्कूल बसें जांच के लिए नहीं पहुंची। जांच के दौरान परिवहन विभाग के आरटीओ, उड़नदस्ता प्रभारी और यातायात पुलिस की टीमों द्वारा सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। इसमें फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, और बीमा की वैधता, फर्स्ट-एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और आपातकालीन निकास द्वारों (इमरजेंसी एक्जिट) की कार्यप्रणाली, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और चालक के पास वैध लाइसेंस की उपलब्धता पर निरीक्षण में किया, ताकि विद्यार्थियों के परिवहन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो सके। संयुक्त टीम ने दो दिन जिले में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों और परमिट संबंधी शर्तों की जांच की।

- आरटीओ ने 53 स्कूल बस नहीं पहुंचने पर संचालकों को दिया नोटिस

### 53 स्कूल बसों का पंजीयन होगा निरस्त

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का पालन बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिविर में 57 स्कूल बसों की जांच की और 53 स्कूल बस संचालकों को नोटिस दिया गया है। उसके बाद नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा।

# झुके विद्युत पोल से हो सकता है हादसा, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत आड़ावाल के नयापारा सड़क में 9 दिन पूर्व तेज हवा एवं बारिश से पेड़ की डगालें टूटने से बिजली का पोल झुक गया। इससे लोगों में भय का माहौल है, जिससे हमेशा बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि झूलते तारों के कारण बच्चों और राहगीरों को हमेशा डर बना रहता है। खासकर बारिश और तेज हवा के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। विद्युत लाइन का पोल इस तरह झुका होना सीधे-सीधे लोगों की जान से खिलवाड़ है। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत कंपनी से जल्द पोल को दुरुस्त कराने की मांग की है। साथ ही झुके हुए बिजली के पोल (खंभे) किसी भी समय गिरकर जान-माल के बड़े नुकसान का कारण बन सकते हैं। ढीले तार टूटने, करंट फैलने और बारिश में शॉर्ट सर्किट होने से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। पोल के झुकने से उस पर कसे हुए तार खिंच जाते हैं, जिससे उनके टूटने या आपस में टकराने का खतरा रहता है। तारों के आपस में रगड़ने से स्पार्किंग होती है, जिससे सूखे पेड़ में आग लग सकती है।

- पेड़ की डगालों के टूटने से पोल झुकने से दुर्घटना की संभावना बढ़ी



### विद्युत कर्मी की टीम जाएगी

विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के कार्यपालन अभियंता पीके अग्रवाणी ने इस संबंध में बताया कि उपभोक्ताओं ने सूचना नहीं दी है। मीडिया से मिली जानकारी पर विद्युत कर्मचारियों की टीम जाकर स्थिति देखेंगे और समस्या का निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

# बिजली का झटका दे रही भाजपा : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने जारी बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार लोगों को बिजली का झटका दे रही है। लंबे चौड़े बिल देख लोगों के होश गुम हो रहे। जहां पिछले माह तक हजार दो हजार के बिल आ रहे थे इस माह चार-पांच हजार रुपये के बिल थमाए जा रहे हैं। सरकार को आमजनता की दयनीय होती जा रही हालत से कोई लेना देना नहीं है। जनता के दुख दर्द से वास्ता नहीं है। सरकार को श्वेत पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। राज्य में ऐसी स्थिति तब है जब छत्तीसगढ़ स्टेट की गणना सरप्लस स्टेट के रूप में की जाती है। यहां न केवल कोयला के खदान हैं बल्कि कोयला आधारित बिजलीघरों की स्थापना भी की गई है। इन परिस्थितियों में इस माह बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि से आमलोगों की कमर टूट गई है। मुख्यमंत्री स्वयं को गरीब परिवार का

- पूर्व विधायक ने सरकार पर लगाए आरोप



कहते हैं लेकिन गरीब परिवारों की सुध नहीं ले रहे हैं। मध्यम वर्ग के लोग जैसे तैसे बिजली बिल भर रहे हैं लेकिन दो जून की रोटी के लिए काम करने वाले परिवारों की हालत दयनीय है। पूर्व विधायक ने कहा है कि राज्य में जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से बिजली कटौती बढ़ गई है। प्लान मेंटेनेंस के नाम पर हो रही बिजली कटौती से न केवल आम उपभोक्ता परेशान हो रहा है बल्कि घरेलू उद्योग धंधे भी चौपट हो रहे हैं।

### स्मार्ट मीटर ने बढ़ाई परेशानी

रेखचंद जैन ने कहा कि सरकार मोर बिजली एप के माध्यम से स्मार्ट मीटर का प्रचार कर रही है। उत्तरप्रदेश में सरकार ने जनआक्रोश के चलते स्मार्ट मीटर को किनारे लगा दिया है । वहीं छत्तीसगढ़ में सरकार इसके प्रचार प्रसार में जुटी है।

## विश्व योग दिवस पर बैलाडीला योग समिति करेगा योग व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**किरंदुल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर बैलाडीला योग समिति किरंदुल द्वारा 21 जून को बीआईओपी स्कूल सभागार में योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:30 बजे से होगा, जिसमें नगर के योग साधक, महिलाएं, युवा एवं नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। सुबह 7 बजे से बैलाडीला योग समिति के सदस्य बीआईओपी स्कूल के ग्राउंड में एनएमडीसी परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारियों को योग सिखाएंगे। योग समिति के सदस्यों ने बताया कि इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास, योग प्रदर्शन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा



स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। समिति द्वारा नियमित रूप से नगर में योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाती हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दें।




## अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : नवनीत

**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में जारी भर्ती प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि बस्तर संभाग के दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों में वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों ने विषम परिस्थितियों में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया है। जब नियमित शिक्षकों की कमी थी, तब इन्हीं शिक्षकों ने विद्यालयों को संचालित किया, विद्यार्थियों का भविष्य संवारा और शिक्षा व्यवस्था को टूटने नहीं दिया। आज उन्हीं शिक्षकों के अनुभव और योगदान की उपेक्षा कर उन्हें बाहर करने का प्रयास चिंता का विषय है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उच्च न्यायालय ने विभिन्न मामलों में स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि कार्यरत अतिथि शिक्षक को दूसरे अतिथि शिक्षक से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## अपराधों की विवेचना के लिए एसपी ने की एसडीओपी की सराहना



भानुप्रतापपुर। उत्कृष्ट पुलिस कार्य, अपराध नियंत्रण एवं प्रभावी विवेचना पर्यवेक्षण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी शेर बहादुर सिंह ठाकुर को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। जारी प्रशंसा पत्र में उल्लेख किया गया है कि थाना लोहत्तर में दर्ज हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित प्रकरण तथा थाना दुर्गुकोंदल में दर्ज चैन स्नैचिंग के मामले में एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने विवेचना अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। उनके कुशल नेतृत्व और सतत मॉनिटरिंग के चलते दोनों मामलों में आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित हुई तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। प्रशंसा पत्र में यह भी कहा गया है कि एसडीओपी ने अपने कार्यक्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा पुलिसिंग को जनोन्मुखी बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई महत्वपूर्ण मामलों में सफलता हासिल कर आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत किया है। पुलिस अधीक्षक ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, उच्च व्यावसायिक दक्षता एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की है। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह प्रशंसा व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी पुलिस टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। आमजन की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा करते रहेंगे।

## दुर्गूकोंदल पीएमश्री स्कूल में छात्रों के किया योगाभ्यास



दुर्गुकोंदल। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में शनिवार को सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 बजे प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास के लिए तैयार करने के लिए सूक्ष्म व्यायाम एवं हल्की स्ट्रेचिंग कराई गई। पूरे विद्यालय परिसर में अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग सत्र के दौरान ताड़ासन, भुजंगासन, कपालभाति, भ्रामरी तथा अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। साथ ही प्रत्येक योग क्रिया के स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। संस्था के प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन योग करने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और प्रतिस्पर्धा के दौर में योग मानसिक शांति और सकारात्मक सोच प्रदान करता है।

**प्रवेशोत्सव : विधायक ने लोकार्पण-भूमिपूजन के साथ ग्रामीणों की मांगों पर दिखाई संवेदनशीलता**

# शाला प्रवेशोत्सव में विधायक उसेंडी ने बच्चों का अभिनंदन कर सौगातों की बारिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- तीन गांव में रंगमंच और घोटुल भवन की किया घोषणा

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत केसेकोड़ी में शनिवार को पंचायत स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा ग्रामीणों को विकास कार्यों की सौगात देते हुए कई नई घोषणाएं भी कीं।

केसेकोड़ी में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रवेश उत्सव से हुई, जहां नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विधायक विक्रम उसेंडी ने बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विधायक उसेंडी ने पंचायत क्षेत्र में पूर्ण हुए गट्टाकाल के बाजार निर्माण कार्य और आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया तथा केसेकोड़ी में बनने वाले बाजार निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं से संबंधित मांगें विधायक के समक्ष रखीं, जिन पर सकारात्मक पहल करते हुए उन्होंने कई कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने एवं आवश्यक प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजने की घोषणा की। उनकी घोषणाओं का ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग को आवश्यक बताया।



विधायक ने कहा-हर बच्चा पढ़ेगा, हर गांव आगे बढ़ेगा



मासूम चेहरों की मुस्कान बनी कार्यक्रम की पहचान

**बच्चो को मुख्यधारा जोड़ने का है अभियान :** विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान है। प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने शिक्षकों से भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास पर जोर देने का आग्रह किया।

**विधायक ने किया घोषणा :** आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंत में विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने बढ़पारा में तीन लाख रुपये, संबलपुर में पांच लाख रुपये तथा गट्टाकिाल में तीन लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण की घोषणा किया, इसके साथ ही गट्टूकाल में 10 लाख रुपये की लागत से गोटूल भवन निर्माण की स्वीकृति की घोषणा भी किया।

### विकास की गति और तेज होगी

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि प्रदेश की सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं और आने वाले समय में भी विकास की गति और तेज होगी।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लच्छू गावड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील जैन, केसेकोड़ी सरपंच फूलवती उसेंडी, हेमा हुपेंडी, दिनेश आंचला, बुद्धू दुग्गा, महामंत्री रिंकू सहारे, रीना आंचला, दुलसा पटेल, लच्छेश्वरी सहारे, पीलू उसेंडी, नारद ध्रुव, खेदु राम पोटाई, क्षमा उसेंडी, रामकुमार आंचले, नारद कौशल, समस्त गायता, पुजारी व पटेल के अलावा शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## भावुक माहौल में हुई विदाई, ग्रामीणों ने याद किए टीआई के कार्य



दुर्गुकोंदल। लोहत्तर थाना में पदस्थ थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण नामदेव के कोरर थाना स्थानांतरण पर आयोजित विदाई समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने विदाई दी। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनपद पंचायत सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि टीआई का कार्यकाल केवल पुलिसिंग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और जनहितैषी अधिकारी बताते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली से जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ। प्राचार्य सुशील साहू एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने भी उनके सरल, सहयोगात्मक और जनसेवा से परिपूर्ण व्यवहार की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए हमेशा तत्परता दिखाई। इस अवसर पर थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण नामदेव ने कहा कि लोहत्तर क्षेत्र में कार्य करते हुए उन्हें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां का स्नेह, अपनापन और सहयोग उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्म-सशक्तिकरण अभियान से 475 से अधिक सुरक्षा कर्मी हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ब्रह्माकुमारीज के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा राष्ट्रव्यापी मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्म-सशक्तिकरण अभियान तथा स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण पहल के अंतर्गत कांकेर जिले के विभिन्न सुरक्षा एवं पुलिस प्रतिष्ठानों में विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से पुलिस, एसटीएफ, बीएसएफ एवं एसएसबी के 475 से अधिक अधिकारियों एवं जवानों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन तथा राजयोग मेडिटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। अभियान के तहत पुलिस लाइन कांकेर, स्पेशल टास्क फोर्स कांकेर, 28वीं वाहिनी एसएसबी अंतागढ़, 33वीं वाहिनी एसएसबी केवटी, 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे तथा 83वीं वाहिनी बीएसएफ पखांजुर में कुल छह कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस लाइन कांकेर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 75 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान रिजर्व इंस्पेक्टर गोविंद वर्मा की उपस्थिति में कर्नल बीसी सती, कैप्टन आईएन शिव सिंह, बीके शैलेन्द्र एवं बीके रमा ने तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच और आत्म-प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। एसटीएफ कांकेर में आयोजित सत्र में करीब 60 जवान शामिल हुए। अंतागढ़ स्थित 28वीं वाहिनी एसएसबी और केवटी स्थित 33वीं वाहिनी एसएसबी में लगभग 100-100 अधिकारियों एवं जवानों ने भाग लिया। यहां आत्म-सशक्तिकरण, भावनात्मक संतुलन तथा राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आंतरिक शक्ति विकसित करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। वहीं 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे में लगभग 60 तथा 83वीं वाहिनी बीएसएफ पखांजूर में करीब 80 जवानों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया। प्रतिभागियों ने ध्यान एवं सकारात्मक चिंतन को तनावमुक्त और प्रभावी जीवन के लिए उपयोगी बताया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय के चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण वातावरण में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व शारीरिक स्वास्थ्य के समान है। राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को आंतरिक शांति, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और भावनात्मक संतुलन प्रदान करता है, जिससे वह अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है। अभियान के समापन पर अधिकारियों एवं जवानों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता जताई। ब्रह्माकुमारीज सुरक्षा सेवा प्रभाग ने भविष्य में भी सुरक्षा बलों और पुलिस कर्मियों के मानसिक एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।



## विकास के विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पंजीयन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम कन्हारगांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास के विश्वास और जनकल्याण विषयक विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की 19 पंचायतों के हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पंजीयन कराया।

शिविर में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लिए बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहियों ने आवेदन एवं पंजीयन करवाया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य वरुण खापर्डे एवं विष्णु कचलाम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और पात्र हितग्राहियों को इनका लाभ अवश्य लेना चाहिए।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कन्हारगांव की सरपंच विमला गोटा, नारायणपुर के सरपंच भेनू दुग्गा, सम्बलपुर की सरपंच अनीता रावटे, भनबेड़ा की सरपंच ममता ठाकुर, साल्हे के सरपंच संतोष पद्दा, कराठी के सरपंच, उपसरपंच यामिनी जैन, पंच लक्की यदु सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी पंजीयन कार्य में सक्रिय रूप से उपस्थित रहें और हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी।

## शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन, सत्यनारायण सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

माध्यमिक शाला सुखई में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन किया गया। ग्राम प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित पालकों की सहभागिता के बीच आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सत्यनारायण जैन को समिति का अध्यक्ष चुना गया। समिति गठन के दौरान विद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में उपस्थित पालकों एवं ग्रामवासियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से समिति का गठन किया। नवगठित समिति में चिमनीलाल नरेटी को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा अकबर नायक, हरिप्रसाद तारम, सदाराम भुवार्य, श्रीमती पार्वती कुलदीप, पंचबत्ती जैन, खोमन पिद्दा, दुर्गा प्रसाद माहवे, तामेश्वरी यादव, शिक्षाविद किशोर कुमार जैन, उपसरपंच मुकेश कुमार गावड़े, दिनेश कुमार माहवे, श्रीमती चन्द्रिका एवं श्रीमती अरूणा वट्टी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक मधुराम नेताम को समिति का संयोजक सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल बज्जूराम कोमरा, बिहारीलाल माहवे, बंशीलाल माहवे, सामसाय दुग्गा, कृष्णा जैन, कन्हैयालाल भुआर्य, राजकुमार बेसरे, संकुल समन्वयक किशोर कुमार विश्वकर्मा, शिक्षक बिसाहूराम सर्फे, लोकेश साहू, नोमेश्वर निषाद, संजय पिस्दा, धर्मजीत मरावी सहित बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## कर्रामाड़ में क्लस्टर स्तरीय जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहें 12 साल विकास के, विश्वास के, सेवा एवं जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत करकापाल में क्लस्टर स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



अधिकारियों ने बताया कि बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच तुलसी मतलाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनसे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिली है। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों को लाभ मिला है। कार्यक्रम के अंत में सरपंच रजलाल आंचला ने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सभी के सहयोग, समर्पण और सहभागिता से ही विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, करारोपण अधिकारी आरके किशोरे, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, महिला बाल विकास, खाद्यान विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समस्त पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक एवं सैंकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहें।

## शाला प्रवेश उत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन

दसपुर। शासकीय प्राथमिक शाला गुड़रापारा दसपुर में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित अतिथियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है तथा इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच सूर्या नेताम एवं जनपद सदस्य हिमेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का अव्हान किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक इंदिरा ठाकुर, सहायक शिक्षक विश्वजीत यादव, डॉ. तोरण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।



**तत्काल अस्पताल पहुंचाने की कराई व्यवस्था**

# सड़क हादसे में घायल बाइक सवारों की विधायक विक्रम ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/कोयलीबेड़ा

विकासखंड कोयलीबेड़ा क्षेत्र के हिंदूबीनापाल के पास शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश अवस्था में सड़क किनारे पड़े मिले। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी अपने कोयलीबेड़ा दौरे से वापस लौट रहे थे। हादसे को देखते ही उन्होंने अपना वाहन रुकवाया और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक बाइक से जा रहे थे, तभी सड़क किनारे स्थित एक सूखे पेड़ से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक वे घटनास्थल पर ही पड़े रहे। इसी बीच वहां से गुजर रहे विधायक विक्रम उसेंडी की नजर घायलों पर पड़ी, उन्होंने बिना देर किए काफिले को रूकवाया और मौके की स्थिति का जायजा लिया। आसपास मौजूद लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कराई। विधायक ने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर घायलों को शीघ्र इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उनकी तत्परता के कारण दोनों घायलों को समय रहते अस्पताल पहुंचाया जा सका, जिससे उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।



घटना के दौरान विधायक विक्रम उसेंडी ने दुर्घटना के कारणों की भी जानकारी ली। जांच में सामने आया कि सड़क किनारे खड़ा सूखा वृक्ष दुर्घटना का एक प्रमुख कारण हो सकता है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फोन कर तत्काल उक्त सूखे पेड़ को हटाने तथा सड़क सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे अन्य खतरनाक वृक्षों की भी पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों से सड़क मार्गों का नियमित निरीक्षण करने तथा दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा। विधायक की संवेदनशीलता और त्वरित पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि दुर्घटना के समय विधायक द्वारा दिखाई गई मानवीय संवेदना और तत्परता प्रशंसनीय है। समय पर सहायता मिलने से घायलों को शीघ्र उपचार मिल सका तथा एक बड़ी अनहोनी टल गई। क्षेत्र में विधायक की इस पहल की व्यापक चर्चा रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज